












# अमलाई-बरगवां में कौमी एकता की अद्भुत मिसाल

## 39 वर्षों से गूंज रहा दुर्गा महोत्सव का जयघोष

## भक्ति, भाईचारे और संस्कृति का संगम बना बापू चौक

**शहडोल। शहडोल और अनूपपुर जिले की सीमा पर अमलाई रेलवे स्टेशन के पास बरगवां रोड स्थित बापू चौक में युवा जागृति मंच द्वारा आयोजित दुर्गा झांकी नवरात्र महोत्सव का यह 39वां वर्ष हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। कौमी एकता, कला, संस्कृति और सामाजिक समरसता की मिसाल यह आयोजन पूरे क्षेत्र में उत्सव और भाईचारे की नई रोशनी फैला रहा है।**

### कौमी एकता की अनोखी गूंज

युवा जागृति मंच की स्थापना करीब 39 वर्ष पूर्व हुई थी। उस समय मुस्लिम समाज के ठेकेदार करीमुल्ला खान पहले अध्यक्ष बने और उन्होंने जनक सिंह बग्गा, रतन अग्रवाल, हरिश्चंद्र भाऊ, मनोज तोषनीवाल और ओमप्रकाश लालवानी जैसे साथियों के साथ आयोजन की नींव रखी। मुस्लिम अध्यक्ष द्वारा दुर्गोत्सव की शुरुआत उस दौर में कौमी एकता की अद्वितीय मिसाल बनी, जो आज भी कायम है। इस मंच ने समय-समय पर वैष्णो देवी के झरने, शिरडी वाले साईं बाबा का मंदिर, अयोध्या श्रीराम मंदिर, स्वर्ण मंदिर अमृतसर, हवा महल और राधा-कृष्ण की चल झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। यही कारण है कि यह पंडाल केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि कला और संस्कृति का अद्भुत संगम भी बन चुका है।

### हजारों श्रद्धालुओं का आस्था केंद्र

नवरात्र की पंचमी से लेकर नवमी तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 12 बजे तक श्रद्धालुओं का सैलाब यहां उमड़ता है। शहडोल और अनूपपुर ही नहीं बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों और नगरीय क्षेत्रों से हजारों लोग यहां आते हैं। इस वर्ष समिति ने 'भूतों का महल' जैसी अनूठी झांकी तैयार की है, जिसने बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह जगाया है। सोशल मीडिया पर यहां की तस्वीरें और वीडियो जमकर वायरल हो रहे हैं। नवमी पर होने वाले विशाल भंडारे में हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यही आस्था इस आयोजन को हर साल और अधिक भव्य बनाती है।

### वर्तमान कर्ताधर्ताओं की अहम भूमिका

समिति की जिम्मेदारी अब नई पीढ़ी के हाथों में है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिसोदिया, जो पिछले चार वर्षों से लगातार अध्यक्ष हैं, इस बार भी आयोजन की कमान संभाल रहे हैं। उनके नेतृत्व में आयोजन नई ऊँचाइयों पर पहुंचा है। वर्तमान कर्ताधर्ताओं में राजकुमार कहार, नरेंद्र सिंह बग्गा, मनोज गर्ग, हरिश्चंद्र भाऊ, अमलाई और बरगवां क्षेत्र के समाजसेवी सक्रिय रूप से आयोजन को सफल बना रहे हैं। इनके साथ नरेश गुप्ता, अमरजीत सिंह बग्गा, प्रताप धमेजा, कैलाश लालवानी, तरणजीत सिंह छावड़ा, विजय लालवानी, संजय लालवानी, नीरज गुप्ता, राहुल धमेजा, जय लालवानी, वीर लालवानी, विजय तिवारी, रजनीश केशरवानी, ऋषभ सिंह, वासुतोष वर्मन, प्रिंस जैसवाल और अन्य सदस्य अपने श्रम और संसाधनों से महत्वपूर्ण सहयोग दे रहे हैं।

### कर्ताधर्ताओं के बयान

राजकुमार कहार ने कहा यह आयोजन हमारी आस्था और एकता का प्रतीक है। हर साल इसमें नए आयाम जुड़ते हैं। मनोज गर्ग ने कहा हर वर्ष कुछ नया प्रस्तुत करना ही हमारी पहचान है। इस बार का भूतों का महल युवाओं को बेहद आकर्षित कर रहा है। नरेंद्र सिंह बग्गा ने कहा कि हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति बताती है कि यह आयोजन जन-जन की भावनाओं से जुड़ा हुआ है। वहीं अशोक सिसोदिया (अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता) ने कहा मेरा प्रयास यही है कि यह आयोजन सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से और समृद्ध हो। सभी का सहयोग ही हमारी असली ताकत है। 39 वर्षों से लगातार आयोजित अमलाई-बरगवां का यह दुर्गा उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भाईचारे, कौमी एकता और सामाजिक समरसता की अमिट मिसाल है। वर्तमान कर्ताधर्ताओं की मेहनत और समाज के सहयोग से यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और सांस्कृतिक धरोहर बना रहेगा।

## खबर संक्षेप

### मातृभूमि सेवा समिति पंचायती मंदिर में विराजे खाटू श्याम

**शहडोल।** 69 वर्षों से लगातार मातृभूमि सेवा समिति पंचायती मंदिर द्वारा शारदे नवरात्र पर विशेष झांकियां बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है, प्रत्येक वर्ष इस समिति द्वारा अलग-अलग तरह की मनमोहक झांकियां बनाई जाती है साथ ही प्रतिवर्ष नवरात्र के नवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन समिति के द्वारा किया जाता है । समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सोनी द्वारा बताया गया, जिले भर से हजारों की संख्या में दर्शनार्थी यहां पहुंचकर दर्शन लाभ लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं, इस बार भंडारा 01 अक्टूबर की शाम 7 बजे को प्रारंभ होगा।

### आज शहडोल में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) पशुपालन एवं डेयरी विभाग लखन पटेल 1 अक्टूबर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्य मंत्री कार द्वारा 1 अक्टूबर को प्रातः 7:30 दमोह जिले से शहडोल जिले के लिए प्रस्थान करेंगे, दोपहर 12 बजे ताला जिला उमरिया रेस्ट हाउस आगमन होगा, दोपहर 12:30 बजे शक्तिपुत्र आश्रम व्यौहारी हेतु रवाना होंगे, दोपहर 1:30 बजे श्री शक्तिपुत्र आश्रम पहुंचकर पूजन एवं दर्शन करेंगे।

# शहर की दुर्दशा पर फूटा व्यापारियों का गुस्सा




### 3 अक्टूबर को शहडोल बंद, न्याय यात्रा से प्रशासन को चेतावनी

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की दुर्दशा अब व्यापारियों के सब्र से बाहर हो चुकी है। जर्जर सडक़ों, टूटी नालियों, बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नलों और सडक़ों पर विचरते आवारा पशुओं से त्रस्त व्यापारी अब नगर पालिका प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ खुलकर मैदान में उतर आए हैं। जिला व्यापारी संघ ने 3 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक सम्पूर्ण बाजार सांकेतिक रूप से बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान न्यू बस स्टैंड से जय स्तंभ चौक तक नागरिक अधिकार न्याय यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर के व्यापारी, सामाजिक संगठन, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### अब तक कोई ठोस कदम नहीं

व्यापारी संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि शहर के नाम पर जो विकास बताया जा रहा है, वह केवल कागजों पर है। मॉडल रोड, स्मार्ट सिटी और सफाई अभियान जैसे दावे सिर्फ दिखावा हैं। सडक़ों पर गड्ढे हैं, सिग्नल सालों से बंद पड़े हैं, सीसीटीवी निष्क्रिय हैं और नगर में अव्यवस्था का आलम है। उन्होंने बताया कि संघ ने 12 सितंबर को जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर इन समस्याओं पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन नगर पालिका ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### हम विकास के विरोधी नहीं

कोषाध्यक्ष ऋतुराज गुप्ता ने नगर पालिका की कार्यशैली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बलपुरवा रोड से न्यू बस स्टैंड तक मॉडल रोड के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। जहां पहले ही दो बार चौड़ीकरण हो चुका है, वहीं अब फिर से अतिक्रमण हटाने की नोटिसें भेजी जा रही हैं। छोटे व्यापारियों का अस्तित्व खतरे में है। हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास का मतलब किसी की रोजी-रोटी छीनना नहीं होता।

### अपने आप घट जाएगा ट्रैफिक दबाव

महामंत्री प्रकाश ओचानी और उपाध्यक्ष अनिल रोहरा ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन व्यापारी हितों को पूरी तरह दरकिनार कर मनमानी कर रहा है। बिना संवाद, बिना पूर्व बैठक के नोटिस भेज देना प्रशासन की हठधर्मिता है। व्यापारी संघ का कहना है कि नया बस स्टैंड अन्य स्थान पर बन चुका है, जिससे इस मार्ग पर ट्रैफिक दबाव अपने आप घट जाएगा, ऐसे में मॉडल रोड का औचित्य ही नहीं बनता।

### तय होनी होनी चाहिए जवाबदेही

व्यापारी संघ ने नगर पालिका के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। कोषाध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि नगर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, उनमें गुणवत्ता का कोई मापदंड नहीं है। एक करोड़ के निर्माण पर छह महीने में 50-50 लाख की मरम्मत की जा रही है। जनता का टैक्स यूं ही बर्बाद हो रहा है, इसकी जांच और जवाबदेही तय होनी चाहिए। अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि नगर की दुर्दशा अब नासूर बन चुकी है। जब तक जनता, व्यापारी और युवा एकजुट नहीं होंगे, यह सुस्त तंत्र नहीं जागेगा। अब व्यापारी केवल टैक्स भरने वाले नहीं, बल्कि अपने अधिकारों के लिए लडऩे वाले नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि यदि नगर पालिका प्रशासन ने अब भी चेतावनी नहीं समझी, तो अगली बार अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा की जाएगी। न्याय यात्रा सुबह 10 बजे न्यू बस स्टैंड से प्रारंभ होकर बलपुरवा रोड, इंदिरा चौक, न्यू गांधी चौक, पुराना नगर पालिका चौक, अंबेडकर चौक होते हुए जय स्तंभ चौक पहुंचेगी, जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समापन किया जाएगा।

# मानपुर-ताला अंचल में शराब माफियाओं का साम्राज्य!




### प्रशासन की आंखों पर 'महीने' का चश्मा

**मानपुर।** मानपुर-ताला अंचल इन दिनों शराब माफियाओं का सुरक्षित अड्डा बन चुका है। यहां खुलेआम शराब ठेकेदार और उनके गुर्गे प्रशासन की नाक के नीचे तस्करी का खेल खेल रहे हैं। शाम होते ही बाइक, बोलेरो और अन्य चार पहिया वाहनों से अवैध शराब की खेपें ताला से लेकर मानपुर नगर तक पहुंचाई जाती हैं। देखने वालों के लिए यह अब कोई छिपा राज नहीं रहा। ताला मुख्यालय में आबकारी विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार केवल दो लाइसेंस प्राप्त दुकानें संचालित हैं, मगर सच्चाई यह है कि आसपास के पचास से अधिक गांवों में शराब ठेकेदारों के 'गुप्त ठीहे' सक्रिय हैं, जहां अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। सूत्र बताते हैं कि यह सारा खेल आबकारी और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से चल रहा है। हर माह ठेकेदारों और अधिकारियों के बीच होने वाली 'महीना बैठक' ने इस काले धंधे को सरकारी संरक्षण दे दिया है।

### आने वाली पीढ़ी पर संकट का साया

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब की सहज उपलब्धता ने युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। गांव-गांव में शराब के अड्डों पर सुबह और शाम भीड़ लगी रहती है। युवा वर्ग नशे का आदी बन चुका है, जिससे चोरी, लूटपाट और झगड़े जैसी घटनाओं में तेजी आई है। हर शाम गांव का माहौल शराबियों के उधम से बिगड़ जाता है, एक बुजुर्ग ग्रामीण ने कहा कई बार समझाने पर भी ठेकेदार के आदमी धमकी देकर चुप करा देते हैं।

### चोरी और अपराध की जड़ में शराब

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरियों का भी सीधा संबंध इस नशे के व्यापार से जोड़ा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब के लिए पैसे जुटाने में असमर्थ युवक अब चोरी को पेशा बना चुके हैं। छोटे गांवों से लेकर बाज़ार तक, ताले टूट रहे हैं और सामान गायब हो रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि अवैध शराब पर रोक नहीं लगी, तो अपराधों का यह सिलसिला और भयावह रूप ले लेगा।

### शासन से सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीण प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि मानपुर और ताला अंचल में शराब माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए। लाइसेंसधारी ठेकेदारों के विरुद्ध जांच कराई जाए और जिन गांवों में अवैध ठीहे बनाए गए हैं, उन्हें तत्काल ध्वस्त किया जाए। साथ ही, आबकारी और पुलिस अमले की भूमिका की भी उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता बताई जा रही है।

### आवश्यक है जवाबदेही

आबकारी विभाग और पुलिस की चुप्पी अब सवालों के घेरे में है। आखिर क्यों रोज़ाना गांव-गांव में बिक रही शराब पर किसी की नजर नहीं? क्यों मोटरसाइकिल और बोलेरो से खुली सडक़ पर खेपें जाती हैं और कोई रोकने वाला नहीं? क्या प्रशासन को हर माह मिलने वाले 'महीने' ने आंखों पर पर्दा डाल दिया है? ग्रामीणों की एक ही पुकार है, हमारे गांवों को शराब से आज़ाद करो, वरना आने वाली पीढ़ी बर्बादी के दलदल में डूब जाएगी।


# शहडोल वन विभाग की बड़ी कार्रवाई



### अवैध कोयला तस्करी का खुलासा

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार वन परिक्षेत्र को हाल ही में बड़ी सफलता हाथ लगी, जब लगभग 7 टन लावारिस कोयला बरामद किया गया। यह कोयला बीट धनपुरी इलाके में पिछले तीन दिनों से संदेहास्पद हालात में पड़ा था। सुरक्षा की दृष्टि से इसे बंगवार भूमिगत खदान में रखवाया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह कोयला अवैध तस्करी के तहत यहां लाकर इक_ा किया गया था। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस अवैध कारोबार में पटना बीट के वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्र कुमार पटेल की सीधी सहभागिता रही। आरोप है कि श्री पटेल ने स्थानीय युवकों को संरक्षण देकर पिछले दो महीनों से कोयले का अवैध भंडारण और खरीदी करवाई। बताया जाता है कि अनूपपुर जिले की अमली-कोली खदान से चोरी-छुपे कोयले की निकासी होती थी। इसे बोरियों में भरकर यहां पहुंचाया जाता और फिर स्थानीय स्तर पर सौदों के जरिए तस्करी को अंजाम दिया जाता था।जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इससे पहले भी चंद्र कुमार पटेल का नाम विवादों में रहा है। आरकेटीएस नामक कंपनी, जिसे अमलाई खुली खदान में उत्खनन का ठेका मिला था, ने कई पेड़ों की अवैध कटाई की थी। उस समय भी पटेल पर आरोप लगा था कि उन्होंने राजनीतिक दबाव और आर्थिक लाभ के फेर में पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया। अब दोबारा उनका नाम अवैध कोयला कारोबार में सामने आने से वन विभाग की छवि धूमिल हुई है।हालांकि इस कार्रवाई में अन्य वन अधिकारियों और कर्मचारियों की सतर्कता से बड़ा खुलासा संभव हो सका। कमला वर्मा, हरेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम बैगा, बीट गार्ड धनपुरी, जय प्रकाश मौर्य (पटना), लल्लू सिंह, समहारू राकेश बैगा और डिप्टी रेंजर राजा राम पनिका ने मिलकर मौके पर कोयले को जब्त किया और पूरे मामले की विस्तृत जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। वन विभाग की इस कार्रवाई से यह साफ संकेत गया है कि कोयला तस्करी पर अब सख्त कदम उठाए जाएंगे, चाहे उसमें विभाग के ही किसी अधिकारी की संलिप्तता क्यों न हो। सूत्रों के अनुसार, जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और जल्द ही चंद्र कुमार पटेल के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जा सकती है।

### कल शहडोल प्रवास पर रहेंगे खाद्य मंत्री



**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 1 अक्टूबर 2025 को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 1 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस रीवा से कार द्वारा पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ब्यौहारी के लिए प्रस्थान कर दोपहर 1:30 बजे पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम पहुंचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मंत्री दोपहर 3:30 बजे कार द्वारा जिला रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बीच सड़क पर शव रखकर उग्र विरोध, स्कूटी सवार युवक की मौत से आक्रोशित लोग सड़क पर उतरे

**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के बुढ़ार-अमलाई मार्ग सोमवार को रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब सडक़ हादसे में जान गंवाने वाले युवक का शव बीच सडक़ पर रखकर स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, भीगती बारिश में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परिजनों ने सडक़ जाम कर दिया और आरोपी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। बुढार थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती निवासी राहुल शाहू नामक युवक स्कूटी से अपने काम पर जा रहा था, तभी एक कार चालक ने अचानक बीच सडक़ पर गाड़ी का दरवाज़ा खोल दिया। स्कूटी गेट से टकराकर अनियंत्रित हुई और राहुल नीचे गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार नेक्शान वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया।

### सड़क जाम और प्रदर्शन

घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सडक़ पर रखकर विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग जुट गए और बुढ़ार-अमलाई मार्ग जाम हो गया। बारिश के बावजूद लोग डटे रहे और कार चालक पर हत्या जैसा प्रकरण दर्ज करने तथा जर्जर सडक़ को तत्काल दुरुस्त करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि खराब सडक़ और लापरवाह वाहन चालकों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं।

**पुलिस की मौजूदगी**

सूचना मिलते ही बुढ़ार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराने की कोशिश की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। हालांकि आक्रोशित भीड़ ने साफ कहा कि जब तक दोषी चालक पर कठोर कार्रवाई और सडक़ मरम्मत का आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक विरोध जारी रहेगा।



## खबर संक्षेप

### मानव-हाथी द्वंद निवारण हेतु गज रक्षक एप से मैदानी अमला प्रशिक्षित



**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा मानव-हाथी द्वंद की रोकथाम और प्रभावी प्रबंधन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वन विभाग मध्य प्रदेश, वाइल्ड लाइफ कांजर्वेशन ट्रस्ट एनजीओ एवं कल्पवैग कंपनी के सहयोग से गज रक्षक मोबाइल एप लॉन्च कर मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जा रहा है। क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने जानकारी दी कि 26 सितम्बर से प्रतिदिन दो सत्रों में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। अब तक मानपुर, पनपथा बफर, पनपथा कोर, ताला, पतौर एवं खितौली रेंज का स्टाफ प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है। गत दिवस आयोजित प्रशिक्षण में कल्लावाह परिक्षेत्र से 12 स्टाफ और 10 सुरक्षा श्रमिक तथा मगधी परिक्षेत्र से 10 स्टाफ शामिल रहे। इस प्रकार कुल 32 लोगों को गज रक्षक एप का प्रशिक्षण दिया गया। मोबाइल एप हाथियों की वास्तविक समय (रीयल टाइम) लोकेशन, मूवमेंट और व्यवहार की जानकारी उपलब्ध कराता है। इसके माध्यम से हाथियों के गाँव के समीप आने पर समय रहते अलर्ट मिल सकेगा। साथ ही ग्रामीणों एवं वनकर्मियों द्वारा देखे गए हाथी अथवा झुंड की सूचना फोटो, वॉइस या टेक्स्ट के जरिए साझा की जा सकेगी। (एसएमएस , वॉइस कॉल, पुश नोटिफिकेशन, सायरन) और ऑफलाइन मोड जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जो इसे फील्ड उपयोग के लिए और अधिक उपयोगी बनाती हैं। बांधवगढ़ प्रबंधन का उद्देश्य ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ हाथियों की भी सुरक्षा करना है, ताकि मानव-हाथी सहअस्तित्व को मजबूत किया जा सके ।

### सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिये कोयलांचल पहुंचे एसपी

**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** नगर में शारदीय नवरात्रि पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। सोमवार को देर शाम सुरक्षा व्यस्था का जायजा लेते हुए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के नेतृत्व में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल एवं पुलिस द्वारा नगर की गलियों मे फ्लैग मार्च भी निकला गया। सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा नगर के रेलवे फाटक तिराहा, पंचायती मंदिर रोड, स्टेशन चौक, पुराना अस्पताल रोड, पुराना स्टेट बैंक रोड, गांधी चौक, महावीर मार्ग, मुखर्जी चौक, बस स्टैंड सहित अन्य मार्गों पर भ्रमण कर नगर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पंडालों मे पहुंच समितियो के सदस्य हनुमान गर्ग, धर्मेंद्र वर्मा से सुरक्षा संबंधी सहित दशहरा पदरथ यात्रा पर चर्चा की। समिति द्वारा प्रथम दिन पर आमंत्रित भी किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल पुलिस बल शामिल रहा। पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए साथ ही शाम के समय भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक हेतु निर्देश दिए। त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाए जाने की अपील करने के साथ ही किसी प्रकार शांति भंग करने वाले उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए।

# बुढ़ार में 50 फीट ऊंचे रावण के साथ गूंजेगी रामधुन

**एकता का संगम बनेगा बुढ़ार का 48 वां दशहरा उत्सव**

# दशहरे की तैयारियां अंतिम दौर में

### भक्ति, उल्लास और समाज की एकजुटता के प्रतीक रूप में सजेगा बुढ़ार





**शहडोल।** जिले का बुढ़ार नगर दशहरे की भव्य परंपरा के लिए पूरे प्रदेश में विख्यात है। वर्ष 1977 से लगातार आयोजित हो रहा यह उत्सव अब नगर की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। इस वर्ष 48 वां आयोजन होगा। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी और दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू आहूजा के नेतृत्व में तैयारियां पूरी भव्यता और उत्साह के साथ की जा रही हैं। **इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी बनेगी खास पहचानः** बुढ़ार का दशहरा अब केवल नगर परिषद का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज की भागीदारी का पर्व बन गया है। इस बार आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण 50 फीट ऊंचा रावण होगा, जिसे स्थानीय कारीगर पिछले 25 से 30 दिनों से तैयार कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी का प्रयोग किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए नया अनुभव होगा। मंच को विशेष रूप से सजाया जाएगा और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस बार भी आयोजन की शोभा बढ़ाएंगी। स्थानीय बच्चों और कलाकारों के साथ-साथ बाहर से बुलाए गए गायक भी रामधुन और भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। समिति अध्यक्ष सोनू आहूजा ने कहा बुढ़ार का दशहरा केवल रावण दहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नगर की सांस्कृतिक धरोहर है। हर वर्ष इसमें नए आयाम जुड़ते हैं और नगर की पहचान और गौरव को आगे बढ़ाते हैं। समिति सदस्य रामू सोनी और नमन ताम्रकार ने बताया कि उत्सव को यादगार बनाने के लिए विशेष आकर्षण जोड़े गए हैं।

#### शोभायात्रा और दुर्गा समितियों का सम्मान

इस बार दशहरे के दिन शाम 5 बजे नगर के मध्य स्थित राम जानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामलला की यह यात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। जगह-जगह पुष्पवर्षा और आतिशबाजी से शोभायात्रा का स्वागत होगा। नगर परिषद क्षेत्र की दुर्गा समितियों को भी सम्मानित करने की परंपरा जारी रहेगी। चयन समिति द्वारा सर्वश्रेष्ठ दुर्गा समितियों का चयन कर उन्हें मंच पर सम्मानित किया जाएगा। यह परंपरा बुढ़ार दशहरे को और विशिष्ट बनाती है।



#### असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहा दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। बुढ़ार का दशहरा नगर की अस्मिता और सांस्कृतिक धरोहर है। इसे हर वर्ग की सहभागिता और जनसमर्थन से भव्य रूप मिलता है। नगर परिषद इस आयोजन को और सशक्त बनाने के लिए हर संभव सहयोग कर रही है।

#### सामाजिक एकता का प्रतीक

1977 में अयोध्या प्रसाद दीक्षित के नेतृत्व में शुरू हुआ यह दशहरा उत्सव शुरू में छोटे स्तर पर आयोजित होता था। धीरे-धीरे नगरवासियों की भागीदारी और उत्साह से यह आयोजन भव्यता प्राप्त करता गया। अब यह केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बन गया है। वरिष्ठ पत्रकार आशीष नामदेव ने इस परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा बुढ़ार का दशहरा अपनी विशिष्टता के लिए जाना जाता है। यह आयोजन समाज के हर वर्ग को एक मंच पर लाता है। इसकी सबसे बड़ी खूबी यही है कि यहां राजनीति, समाजसेवा, व्यापार और कला सभी का संगम होता है।

#### आस्था और भाईचारे का प्रतीक

विधायक जयसिंह मरावी ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा बुढ़ार का दशहरा नगर की पहचान है। यह परंपरा नगरवासियों की आस्था और भाईचारे का प्रतीक है। इस आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। लगभग पांच दशकों से निरंतर आयोजित हो रहा बुढ़ार का दशहरा आज नगर की शान और गौरव का प्रतीक बन चुका है। 50 फीट ऊंचे रावण, इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी, शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस बार इसे और खास बनाएंगे। नगर परिषद, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और आम जनता की सहभागिता से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक भव्यता प्राप्त करता जा रहा है।



## फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी बैठक संपन्न

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में 69वीं राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन संबंधी बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक तथा राष्ट्रीय स्तर पर शालेय प्रतियोगिता का आयोजन 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक किया जाएगा।

बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर शालेय प्रतियोगिता का आयोजन के संबंध में खिलाडिय़ो,अधिकारियों के आवागमन,आवास,खेल मैदान, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मेडिकल व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर ने आयोजन के पूर्व स्टेडियम ग्राउंड की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए । मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पीआईयू , आबकारी विभाग को आवास व्यवस्था, आवासीय क्रीडा परिसर भरौला में करने के निर्देश दिए। पीआईयू विभाग को फुटबाल खेल मैदान बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भारत की लगभग 30 टीमें भाग लेगी।

इसी तरह 69वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक वर्ग के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि 13 से 17 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए आवास व्यवस्था मंगल भवन, सामुदायिक भवन, उत्कृष्ट विद्यालय,कालरी स्कूल,नेहरू कान्वेंट स्कूल,बालक कैंप, कोरल पब्लिक स्कूल एवं आईपीएस स्कूल में की जाए। रेल्वे स्टेशन से आवास तक लाने के लिए स्कूल की बसों को लगाया जाए। उन्होने समितियो का गठन कर खेल संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज सहित खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वदेशी उत्पादों पर केंद्रित व्याख्यान संपन्न

**उमरिया।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय उमरिया में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता सेवा एवं विकसित भारत 2047 विषय पर केन्द्रित व्याख्यान माला का आयोजन महाविद्यालय की संस्था प्रमुख डॉ. विमला मरावी की अध्यक्षता मे किया गया । उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में स्वदेशी उत्पादों का प्रोत्साहन अत्यंत आवश्यक है, जिससे स्थानीय उत्पादन को बल मिलेगा और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अरविंद शाह बरकड़े ने संचालन करते हुए विषय की गंभीरता को



रेखांकित किया तथा विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ.रमेश प्रसाद, प्रो. ऋषिराज पुरवार, डॉ.प्रमोद तिवारी,डॉ.सोना पाठक एवं राजेन्द्र पटेल सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे और विषयवस्तु पर सारगर्भित वक्तव्य प्रदान किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे स्वच्छता एवं स्वदेशी विचारधारा के प्रति जागरूकता का वातावरण निर्मित हुआ। महाविद्यालय परिसर में इस आयोजन ने न केवल स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सामूहिक संकल्प को भी बल प्रदान किया।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक आहार पर दी गई जानकारी

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले की आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को खेल खेल के माध्यम से पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान खिलौनों के स्थान पर पोषण पखवाड़ा के दौरान खेल, नाटक और कहानियों के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि पौष्टिक आहार एक ऐसा संतुलित भोजन है जो शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व जैसे प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट ,विटामिन, खनिज,वसा और फाइबर प्रदान करता है।स्वस्थ और संतुलित आहार के सेवन से शरीर का समुचित विकास होता है, प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है, और कई बीमारियों से बचाव होता है। पौष्टिक आहार में शामिल होने वाले खाद्य पदार्थ अनाज , फल और सब्जियां, प्रोटीन स्त्रोत,स्वस्थ वसा हैं।





जमुना कोऑपरेटिव के पास स्थित मां दुर्गा



वैद्यनाथ शिव मंदिर के पास जमुना कॉलोनी में स्थित मां जगदंबा



भालूमाडा वार्ड नंबर 11 में माता दुर्गा जी की प्रतिमा



बदरा बस्ती बैगा मोहल्ला स्थित मां दुर्गा जी का भव्य रूप



भालूमाडा वार्ड क्रमांक 3 में पंडाल में विराजी मां अंबे

## मां दुर्गा की अनंत कृपा से उज्ज्वल हो हर जीवन-राम अवध सिंह

**हरिभूमि न्यूजजमुना/बदरा।** शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व पूरे देश में श्रद्धा, आस्था और भक्ति के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर पसान नगर परिषद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राम अवध सिंह ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि "मां दुर्गा की असीम कृपा से ही संसार में सुख, शांति और समृद्धि संभव है। मेरी प्रार्थना है कि मां भवानी की कृपा दृष्टि हम सब पर सदा बनी रहे और हर घर-परिवार आनंदमय व मंगलमय जीवन व्यतीत कर सके।" राम अवध सिंह ने नवरात्रि की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि सामाजिक एकता और शक्ति का भी संदेश देता है।



उन्होंने कहा कि नवरात्र का यह पर्व हमें सिखाता है कि असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की ही विजय होती है। जब-जब हम शक्ति और भक्ति को अपने जीवन में उतारेंगे, तभी सभी बाधाओं को पार कर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि "मां दुर्गा की उपासना से आत्मबल बढ़ता है, संकट दूर होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह पर्व नारी शक्ति के सम्मान और संरक्षण का भी प्रतीक है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि समाज में मातृ शक्ति का आदर करें और उनके सम्मान को सर्वोच्च स्थान दें। श्री सिंह ने जिलेवासियों को नवरात्रि की मंगलकामनाएँ देते हुए कहा कि "मां दुर्गा भवानी अपने सभी भक्तों पर सदा कृपा बरसाती रहें। वे सभी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, समृद्धि और खुशहाल जीवन प्रदान करें। मां की असीम कृपा से नगर और जिला नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर हो तथा हर घर-आँगन में शांति और आनंद का वास हो।

## सर्विस अच्छी नहीं मिलने पर मनपसंद कंपनी चुनने की मिलेगी आजादी

### रसोई गैस ग्राहक कंपनी भी करा सकेंगे पोर्ट

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** जल्द ही रसोई गैस उपभोक्ताओं को भी मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह अपनी गैस कंपनी बदलने की आजादी मिलेगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने 'एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी' पर एक मसौदा तैयार किया है, जिसके जरिये उपभोक्ता मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना ही आपूर्तिकर्ता कंपनी को बदल सकेंगे। वर्तमान में उपभोक्ताओं को अपनी गैस कंपनी या वितरक से कोई समस्या होने पर सीमित विकल्प ही उपलब्ध हैं। खासकर तब जब स्थानीय वितरक संचालन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हों, उपभोक्ताओं को अनियमित रिफिल, देरी या खराब सेवा जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि वा सुविधा पहले भी सीमित रूप में लागू की गई थी। 2013 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने 24 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पोर्टेबिलिटी शुरू की थी, जिसे जनवरी 2014 में 480 जिलों तक बढ़ाया गया. लेकिन उस समय उपभोक्ताओं को केवल डीलर बदलने की अनुमति दी गई थी, कंपनी नहीं। अब पीएनजीआरबी कंपनियों के बीच भी बदलाव की अनुमति देने की



तैयारी में है। नये नियमों के तहत अगर कोई उपभोक्ता इंडेन, भारत गैस वा एचपी गैस में से किसी एक को छोड़कर दूसरी कंपनी को चुनना चाहे, तो उसे ऐसा करने की सुविधा दी जाएगी, बशर्ते कीमत समान हो। पहले क्या था नियम 2014 तक एलपीजी पोर्टेबिलिटी सीमित थी। उपभोक्ता केवल डीलर बदल सकते थे, लेकिन गैस कंपनी नहीं। मौजूदा कानूनों के मुताबिक, एक कंपनी का सिलेंडर सिर्फ उसी कंपनी में रिफिल किया जा सकता है। क्या होगी सहूलियत': पीएनजीआरबी चाहती है, कि कंपनियों के बीच भी पोर्टेबिलिटी हो। इसके लिए नियामक उपभोक्ताओं, डीलरों, नागरिक संगठनों और विशेषज्ञों से सुझाव मांग रहा है। नियम बनने के बाद देशभर में लागू करने कि तैयारी में है।



## कल्याण से आश्रम में विराजित जगत जननी का अद्भुत श्रृंगार

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पूरे देश में शारदीय नवरात्रि महोत्सव की धूम है और इसी पावन अवसर पर कल्याण से आश्रम में विराजित जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा का अद्भुत और अलौकिक 'श्रृंगार' भक्तों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह विशेष श्रृंगार न केवल कलात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि यह आश्रम के प्रति अटूट आस्था और भक्ति को भी दर्शाता है।**

आश्रम प्रबंधन और सेवादारों द्वारा की गई वर्षों की तैयारी और समर्पण का परिणाम यह अद्भुत दृश्य है। इस वर्ष, मां दुर्गा की प्रतिमा को 51000 रंग-बिरंगे पुष्पों से स्वर्ण आभूषणों और प्राचीन वस्त्रों से विशेष प्रकाश सज्जा से सजाया गया है। आश्रम के प्रमुख संत स्वामी शांतानंद जी महाराज ने बताया, "मां का यह विशेष श्रृंगार भक्तों को एक दिव्य और अविस्मरणीय अनुभव देने के उद्देश्य से किया गया है। शारदीय नवरात्रि भक्ति और शक्ति का पर्व है, और यह अद्भुत रूप भक्तों को मां के चरणों में आने और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।" मां दुर्गा के इस अद्भुत रूप के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु कल्याण से आश्रम पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार के लेप से तैयार हो रहा सीसी रोड

**अमलाई।** नगर परिषद् बरगवां (अमलाई) के वार्ड क्रमांक 03 में हो रहे सीमेंट कांक्रीट (सी.सी.) सड़क निर्माण में बड़े घोटाले और अनियमितता का मामला सामने आया है। युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनीष तिवारी ने संयुक्त संचालक,



नगरीय प्रशासन एवं विकास, संभाग शहडोल को पत्र लिखकर गंभीर शिकायत दर्ज की है। शिकायत के अनुसार, अग्रसेन होटल से लेकर सोडा फैक्ट्री गेस्ट हाउस तक की सड़क के लिए 430 मीटर लंबाई और 4 मीटर चौड़ाई में निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति दी गई थी। उसी के आधार पर नगर परिषद् द्वारा कार्यादेश भी जारी किया गया। ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंडों की अवहेलना करते हुए, मात्र 215 मीटर लंबाई और 8 मीटर चौड़ाई में ही सड़क का निर्माण कर दिया गया है। इस प्रकार न केवल कार्य आदेश का उल्लंघन हुआ है, बल्कि लगभग आधा कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।

**दुर्घटना को दे रहा न्योता** - अधूरी सड़क और अनियमित निर्माण कार्य से क्षेत्र में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। लोगों को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, और यह कार्यस्थल अब आम नागरिकों के लिए खतरे का केंद्र बनता जा रहा है। मनीष तिवारी ने मांग की है कि जब तक 430 मीटर का पूरा कार्य नियमानुसार पूर्ण नहीं किया जाता, तब तक ठेकेदार को भुगतान न किया जाए। निर्माण कार्य की जांच कराई जाए ताकि तकनीकी और वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हो सके। ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए, क्योंकि उसने स्वेच्छा से नियमों को तोड़ा है और सरकारी राशि के दुरुपयोग का प्रयास किया है। इस पूरे मामले में सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या सरकारी धन की बंदरबांट हो रही है? यदि कार्यादेश के विरुद्ध कार्य किया गया है, तो यह भ्रष्टाचार की गंभीर बानगी है, और इसकी निष्पक्ष जांच अत्यंत आवश्यक है।स्थानीय प्रशासन से आग्रह है कि शीघ्र संज्ञान लेकर उचित जांच एवं ठोस कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताएं न दोहराई जाएं।

### विकास की गति को बाधित कर रहा मनमानी

**अमलाई।** युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनीष तिवारी सड़क निर्माण में व्यापक अनियमितता को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक एवं जिला कलेक्टर अनूपपुर को नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 03 हैवी केमिकल प्लांट सोडा कास्टिक यूनिट ओरिएंट पेपर मिल की भूमि पर मैंनगेट के सामने सड़क के निर्धारित मापदंड के अनुसार निर्माण कार्य न करते हुए अपने स्वयं के निजी ठेकेदारों के द्वारा विलो रेट में टेंडर डलवा कर अपने मन मुताबिक नगर पंचायत की मुख्य अधिकारी सीएमओ और इंजीनियर पर दबाव बनाकर भ्रष्टाचार युक्त सड़क निर्माण कार्य को आधा अधूरा बना दिया गया है। ऐसे में नगर परिषद बरगवां में सिर्फ अध्यक्ष पद एक है लेकिन अध्यक्ष के दायित्व को लेकर शासन प्रशासन की कार्यप्रणाली पर पूरे परिवार का दबदबा बना हुआ है और हर प्रकार के निर्माण हो या फिर विकास के कार्य या बिजली सामग्री की खरीदी या खाबो को लगाने का कार्य या फिर नल जल योजना से संबंधित उपयोग में लाई जाने वाली मशीनरीयों का उपयोग या फिर सड़क निर्माण कार्य कायाकल्प योजना अंतर्गत अपने-अपने चाहे तो के घर के सामने डामरीकरण का कार्य आज भी वार्ड क्रमांक एक में कई जगह अधूरे पड़े हैं। निरंतर लकड़ी से लदे हैवी वाहन या फिर 40 से 50 टन कास्टिक एसिड लोड कर निकलने वाले वाहनों के चलने से सड़क की क्षमता और गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ समय पूर्व कायाकल्प योजना के अंतर्गत मुख्य मार्ग में की गई डामरीकरण और लगाए गए ।






# सप्तमी में जगह-जगह देवी जागरण, बांटे गए प्रसाद

ब्यौहारी।

नगर परिषद के अंतर्गत पंचायती मंदिर के पास देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया देवी जागरण में रातभर भक्त भजनों में झूमते रहे लछ्मी नारायण मंदिर के पास केशरी संगीत कला परिषद द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए भजनों से श्रौता झूम उठे कुछ दुर्गा पंडालों में प्रसाद वितरण भी किया गया खटखारिया तालाब के पास दुर्गा मंदिर पंडाल में मटर और साबूदाना का प्रसाद वितरण किया गया लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास चावल और कड़ी का प्रसाद वितरण किया गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवकुमार गुप्ता,केदार गुप्ता,विजय प्रधान, अभयानंद शुक्ला, ईज़ी देवर्षि शुक्ला, सुनील गुप्ता सुनील ताम्रकार, दिलीप गुप्ता ननकी ताम्रकार उपस्थित रहे।

### ख़ुटेहरा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जय माता दी के जयकारों से गूंजा माता का परिसर

ब्यौहारी के ग्राम खुटेहरा में मां शारदा देवी मंदिर पर नवरात्र की शुरुआत पूरे गांव में उत्साह का माहौल छाया हुआ है भक्तों ने अपना तन मन धन अर्पित करते है हर वर्ष के भाती इस साल भी देबी मंदिर में भक्तों की भरी भीड़ देखने को मिली ,सुबह होते ही मंदिर परिसर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा,श्रद्धा भाव पूर्वक श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचते है और माता रानी के दर्शन के लिए आते ,मंदिर में मां दुर्गा नो रूपों में इस मंदिर को सजाया गया है मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार किया गया ,जिसमें लाल चुनरी फूल माला और चमचमाती झालरों से मंदिर परिसर की रौनक देखते ही बन रही माता की महिमा दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने न केवल मां दुर्गा के दर्शन किए बल्कि बिराज मान मां शारदा देवी जी की विधिवता पूजा पाठ कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति आशीर्वाद भी मांगा आस्था के इस माहौल मे हर किसी के मन को शांति और संतोष प्रदान करती है।भक्तों ने अपना तन मन धन अर्पित करते नजर आ रहे है रामलखन यादव, आशीष यादव, गोलू यादव, सुरेश यादव, ओंकार यादव, रामसखा यादव, कृष्ण कुमार यादव, ज्ञानू शर्मा मंदिर की व्यवस्थाओं में लगे रहते हैं।



## नवरात्र महोत्सव में भक्ति और उत्सव का संगम

### डांडिया प्रतियोगिता व रावण दहन की तैयारियाँ जोरों पर

**अमलाई।** शारदीय नवरात्रि में पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही जगह-जगह विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।गांधीनगर बरगवां अमलाई में नव युवक दुर्गा उत्सव समिति ने आकर्षक सजावट के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की है। इसी प्रकार युवा संघ, ईएसआई चौक ओपीएम और युवा जागृति मंच, बापू चौक अमलाई ने भी भव्य पंडाल सजाकर माँ की प्रतिमा स्थापित की है। प्रत्येक समिति ने अपनी अलग-अलग थीम आधारित सजावट से दर्शकों का मन मोह लिया है।इन सभी स्थानों पर प्रतिदिन पूजा-अर्चना के साथ काली नृत्य व डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें युवा और महिलाएँ बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, जिससे वातावरण उत्साह और उल्लास से भर उठा है।इधर, गांधीनगर में परंपरागत रावण दहन की तैयारियाँ भी शुरू हो चुकी हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 35 से 40 फीट ऊँचे रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है, जो दशहरे पर दहन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।पूरे क्षेत्र में चल रहे इन धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से नवरात्रि पर्व का उल्लास चरम पर है।

## मामा के घर से लौट रहे युवक पर नकाबपोशों ने किया हमला: मरा समझ कर छोड़कर भागे युवक की बची जान




ब्यौहारी।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 29/09/25 को ग्राम रसपुर तिराहा के पास सुनसान मैदान में मामा के घर से अपने घर जा रहे राहुल पटेल पिता राम योजन पटेल ग्राम आमडीह का रहने वाला था जो अपने रिश्तेदारों को छोड़ने मामा के यहां आया आखेटपुर आया था शाम को 8:00 बजे घर लौट रहा था तभी रसपुर तिराहा के पास खाली पड़े मैदान में नकाबपोशों ने उसके ऊपर हमला कर दिया उसकी जमकर पिटाई की उसके गाड़ी को भी तोड़ दिया और उसको छोड़कर के भाग गए वहां से गुजर रहे आसपास के लोगों ने उसको ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया शहडोल में होश आने पर उसने बताया कि मेरे ऊपर नकाबपोशों ने हमला किया जी ली इसलिए मैं पहचान नहीं पाया अभी बहुत ज्यादा बयान देने की स्थिति में नहीं परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस द्वारा जांच की जा रही जहां पर क्षेत्र की यह बड़ी घटना है परिजनों ने पुलिस से शीघ्र नकाबपोशों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

**ऐसे घटी घटना**

युवक जब आखेटपुर से चला तभी बहन से उसकी बात हुई 7:52 में कि अभी भमरहा पहुंचा हूं भमरहा से जैसे ही रसपुर तिराहा पहुंचा जो 5 मिनट का रास्ता मोटरसाइकिल से है रसपुर तिराहा पुलिया के पास सुनसान जगह में नकाबपोशों ने उसको घेर लिया मारपीट करने लगे इस दौरान वह भागा और अपनी बहन को फोन भी लगाया की बहन मुझे बचा लो जगह की जानकारी देता इससे पहले ही नकाबपोशों ने उसका मोबाइल छुड़ा लिया और मारपीट करके अचेत कर दिया घटना के बाद जब परिजनों ने उसको ढूंढना प्रारंभ किया तब उसको रसपुर मैदान के पास अचेत अवस्था में पाया गया उसकी मोटरसाइकिल भी पास में ही पड़ी थी रात को 9:00 बजे उसकी खोज लिया गया उसके पिता द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है

## ग्राम पंचायत छैतनी में चल रहा आदि कर्मयोगी अभियान आदिवासियों को मिलेगा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ




ब्यौहारी।

मध्यप्रदेश सरकार ने आदिवासी समुदाय के लोगो को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कलेक्टर शहडोल एवं जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारीजिला पंचायत शहडोल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जा रहा है जिसका प्रमुख उदेश्य आदिवासी समुदाय के लोगो को मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए घर घर सर्वे कार्य किया जाकर पात्र हितग्राही की जानकारी इकट्ठा की जा रही है जिससे 30अक्टूबर तक विलेज प्लान तैयार किया जाकर दो अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में प्रस्तुत कर अनुमोदन दिलवाया जाएगा तत्पश्चात गांव में एक आदि सेवा केन्द्र की स्थापना की जाकर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो कि सप्ताह में दो घंटे सामुदायिक सेवा एवं समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे इस कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम में आधार, आयुष्मान भारत,पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, जैसे केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ आदिवासीयों को स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो सके इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरपंच, सचिव,रोजगार सहायक, मोबलाइजर,पंचगण और समाज सेवी के साथ मिलकर इस आदि कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम सफल बनाने के लिए घर घर पहुंच कर जानकारी दी जा रही है इस कार्यक्रम से आदिवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला कर्मयोगी अभियान कार्यक्रम से आदिवासियों को मिलेगा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ। शहडोल जिले के कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी जैन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत पोड़ीकला में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आदिवासी बस्ती में घर घर मोदी है सर्वे कार्य किया जा कर मध्यप्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कितने हितग्राही को मिल रहा है और कौन कौन सी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आदिवासी समुदाय को नहीं मिल पा रहा है इसके लिए आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनके माध्यम से शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ आदिवासीयों को दिलाने के सशक्त माध्यम बनेंगे ग्राम रोजगार सहायक ने आगे बताया कि 30अक्टूबर तक गांव के लिए एक विलेज प्लान तैयार किया जा रहा है जिसे दो अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में प्रस्तुत कर अनुमोदन दिलवाया जाएगा । प्रत्येक आदि सेवा केन्द्र में नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी जो सप्ताह में दो घंटे सामुदायिक सेवा एवं समस्याओं के समाधान केलिए काम करेंगे इन आदि सेवा कर्मयोगी अभियान के तहत , आधार, आयुष्मान भारत,पी एम किसान निधि,पी एम आवास,जनधन जैसी केन्द्र एवं राज्य सरकार व्दारा संचालित योजनाओं का लाभ आदिवासीयों को स्थानीय स्तर पर लाभ प्राप्त हो सके इस कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत पोड़ीकला, सचिव, रोजगार सहायक,पंच गण सहित कई आदिवासी समुदाय के युवक इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़े उत्साह के साथ सहयोग कर रहे हैं



### नवरात्रि पर्व पर अभिमन्यु योजना की गूंज डीआईजी ने बच्चियों को सबल बनाने किया आवाह

**धनपुरी।** थाना प्रभारी खेम सिंह पेन्द्रों दल-बल सहित रहे मौजूद-मां ज्वालामुखी मंदिर समिति के महेंद्र सिंह पवार भी शामिलधनपुरी। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ज्वालामुखी माता मंदिर परिसर में रविवार को महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं को सबल बनाने के लिए अभिमन्यु योजना के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहडोल संभाग की डीआईजी मैडम ने अपने उद्बोधन में समाज को नई दिशा देने वाला संदेश दिया।मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों और बच्चियों की भारी भीड़ मौजूद रही। डीआईजी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जिस प्रकार एक कारीगर एक ही मिट्टी से मनचाहे आकार के बर्तन बना लेता है, उसी प्रकार माताएं अपने बच्चों का भविष्य गढ़ सकती हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे बच्चों की परवरिश पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि परिवार के सभी बड़े-बुजुर्ग यह देखें कि उनके बच्चे बाहर किस संगत में हैं, मोबाइल पर क्या देख रहे हैं। यदि घर-परिवार मिलकर बच्चों पर सतत निगरानी और सही मार्गदर्शन देंगे तो समाज में अपराध और अनाचार जैसी बुराइयों पर अंकुश लगाया जा सकता है।डीआईजी मैडम ने अभिमन्यु योजना के उद्देश्य को समझाते हुए बताया कि यह पहल बच्चियों को आत्मनिर्भर, साहसी और जागरूक बनाने के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि समाज में नारी शक्ति की जागृति से ही बदलाव की नींव रखी जा सकती है। बच्चियों को शिक्षा, संस्कार और सुरक्षा के प्रति सजग बनाना ही इस योजना का मूल उद्देश्य है।इस अवसर पर धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेन्द्रों अपने दल-बल सहित मौजूद रहे। वहीं, मां ज्वालामुखी मंदिर समिति के सक्रीय सदस्य महेंद्र सिंह पवार भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और बच्चियों ने डीआईजी मैडम के विचारों को गम्भीरता से सुना और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। नवरात्रि पर्व के दौरान यह पहल लोगों के लिए प्रेरणादायी बनी। मंदिर परिसर में जुटी भीड़ ने इसे समाज सुधार की दिशा में एक अनूठा कदम बताया।

# मां बिरासिनी दरबार में मनोकामना जवारा कलशों का भव्य विसर्जन, काली नृत्य ने बढ़ाई उत्सव की भव्यता







बिरसिहपुर पाली उमरिया

शारदेय नवरात्र की नवमी 30 सितंबर को मां बिरासिनी के दरबार में भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित मनोकामना जवारा कलशों का विसर्जन भव्य जुलूस के साथ किया गया, जिसमें उमरिया और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।जवारा विसर्जन का समारोह शाम 4 बजे शुरू हुआ। परंपरा के अनुसार, विसर्जन से पहले जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मां काली और खप्पर की पूजा अर्चना कर जुलूस की औपचारिक शुरुआत की। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी और एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह ने भी पूजा में भाग लिया और आयोजन को सुरक्षित बनाने में सहयोग किया।भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर सगरा तालाब तक गया, जहां विधिपूर्वक जवारा कलशों का विसर्जन किया गया। इस दौरान खप्पर के साथ काली नृत्य ने उत्सव की भव्यता बढ़ाई। श्रद्धालुओं की भीड़ ने जुलूस का आनंद लिया और अपनी आस्था का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, नगर पालिका परिषद पाली अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, मानपुर एसडीएम टी आर नाग, पंडित प्रकाश पालीवाल, मंदिर के पुजारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने समारोह में हिस्सा लिया और भक्तों के साथ संवाद कर उनका स्वागत किया।जवारा विसर्जन का यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है। हर वर्ष नवरात्र के समय आयोजित यह परंपरा सामूहिक आस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करती है।स्थानीय प्रशासन ने जुलूस और विसर्जन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ अधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परिणामस्वरूप, कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।श्रद्धालुओं ने मंदिर में जवारा कलशों का पूजन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। मंदिर परिसर और जुलूस मार्ग पर उमड़ी भारी भीड़ ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया।इस प्रकार, नवमी के दिन आयोजित यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया। काली नृत्य, खप्पर और मनोकामना कलशों का जुलूस एक यादगार दृश्य बन गया, जिसे देखने के लिए लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

## खबर संक्षेप

### यह क्या! शासकीय प्रतीक्षालय की छत पर धान की खेती



अनूपपुर। जिला मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर दूर कोतमा रोड स्थित सांधा बस स्टैंड पर शासन की लापरवाही का चौंकाने वाला उदाहरण सामने आया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित और विभाग की अभिरक्षा वाले यात्री प्रतीक्षालय की छत पर धान की फसल बोकर कब्जा कर लिया गया है। यह नजारा आम लोगों ने अपनी आंखों से देखा, मगर विभागीय अधिकारी अब तक आंख मूंदे बैठे हैं। कांग्रेस पार्टी के अनूपपुर जिला पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजन राठौर ने इस पूरे मामले पर भाजपा सरकार और प्रशासन को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जब शासकीय भवनों पर ही अतिक्रमण कर फसल बोई जाने लगे और विभाग देखने तक न पहुंचे, तब यह साफ है कि भाजपा सरकार के 'स्वच्छता अभियान' और 'अतिक्रमण मुक्त प्रदेश' के दावे सिर्फ ढकोसला है। जनता को गुमराह करने के लिए बड़े-बड़े विज्ञापन दिए जा रहे हैं, जबकि ज़मीनी हकीकत पूरी तरह अलग है। उन्होंने आगे कहा कि यह मामला सरकार और स्थानीय प्रशासन की पूरी नाकामी को उजागर करता है। एक तरफ भाजपा सरकार स्वच्छ भारत और अतिक्रमण मुक्त प्रदेश का ढिंढोरा पीटती है, वहीं दूसरी तरफ़ शासकीय इमारतों पर भी इस तरह खुलेआम कब्ज़ा हो रहा है। इस घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं और साफ़ कर दिया है कि सरकार की योजनाएँ केवल कागज़ों पर चल रही हैं, ज़मीन पर नहीं।

### वार्ड 9 में सड़क की हालत जर्जर



अनूपपुर। जिला मुख्यालय अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 09 की सड़क वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और बरसात में तालाब जैसी स्थिति ने स्थानीय नागरिकों का जीवन नरक बना दिया है। राहगीरों, स्कूली बच्चों, दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार नगर पालिका को दी गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नवरात्रि के अवसर पर माता मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी यह रास्ता बड़ी मुसीबत बना हुआ है। निवासियों ने सवाल खड़ा किया है कि जब जिला मुख्यालय की सिविल लाइन कहलाने वाली वार्ड क्रमांक 9 की सड़कें ही इस हाल में हैं, तो नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी कहां है। आखिर बच्चों की शिक्षा और आमजन के जीवन से हो रहे खिलवाड़ का जवाब कौन देगा। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका प्रशासन आंख बंद करके सो रहा है और समस्याओं से कोई वास्ता नहीं रखता। सिर्फ धन की पूजा में व्यस्त नगर पालिका और निष्क्रिय जन प्रतिनिधियों की विफलता जनता की पीड़ा को और बढ़ा रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास

अनूपपुर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नरेंद्र पटेल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में 22 वर्षीय सुनील चौधरी को दोषी करार देते हुए 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर कुल 9000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक शशि धुर्वे ने की। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी शशि धुर्वे ने बताया कि यह घटना 16 फरवरी 2024 को हुई थी। पीड़िता की मां खेत गई थी और पिता अपने काम पर थे। घर में पीड़िता अकेली थी। शाम को जब मां घर लौटीं, तो पीड़िता घर पर नहीं मिली। आस-पड़ोस में तलाश करने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़िता के माता-पिता ने फोन पर एक-दूसरे को जानकारी दी और रिश्तेदारों में भी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्हें आशंका हुई कि किसी ने उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा लिया है। इसके बाद, पीड़िता के माता-पिता ने थाना कोतवाली में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस की तलाश के बाद, पीड़िता 29 फरवरी 2024 को मिली। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि सुनील चौधरी उसे बहला-फुसलाकर रायपुर ले गया था और वहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सुनील चौधरी के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर यह सजा सुनाई।

## जगह-जगह कन्या भोजन, भण्डारे का हो रहा आयोजन

# नवरात्र के अष्टमी को देवी मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब







**माई की भक्ति में रंगे भक्तों ने निकाली चुनरी यात्रा**

**वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुई मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक**

शारदीय नवरात्र के अष्टमी पर शनिवार को देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। दुर्गा मंदिरो के कपाट बंद होने के बावजूद मंदिर परिसर में ही पहुंचकर भक्तों ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप की आराधना की। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

इस बीच नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में पूरे दिन मां दुर्गा के आठवें रुप महागौरी की पूजा अर्चना भक्ति व श्रद्धा के साथ होती रही। नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार की सुबह से नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह साढ़े छह बजे तक नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर बूढी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर शारदा काली मंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर लहसुई कैंप गोविंदा कालोनी के दुर्गा मंदिर परिसर में लोगों की भारी जमा हो गई। इस दौरान मां भवानी की जयकारे से पूरा मंदिर परिसर से लेकर आसपास का इलाका गूंजता रहा। मंगलवार को अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों मे पहुंचकर अठवाइन का भोग लगाया। नवरात्र में लोगों की भीड़ को देखते हुए सभी दुर्गा मंदिरों में सुरक्षा का प्रबंध दिखा। शारदेय नवरात्रि पर समूचा अंचल आदि शक्ति मां दुर्गा की उपासना में डूबा हुआ है। साधना आराधना उपासना के पावन पर्व पर मां दुर्गा की अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जा रही है। कोतमा नगर के ठाकुर बाबा धाम बूढी माता मंदिर पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर धर्मशाला मंदिर सहित भक्तों ने अपने घरों में कन्या भोज का आयोजन किया। कन्या पूजन के साथ कन्याओं के पैर में महावर एवं सिर पर चुनरी चढ़ते हुए कन्याओं की आरती उतारी गई। नवरात्रि पर्व पर दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। नगर के बस स्टैंड मुखर्जी चौक गांधी चौक गुरुद्वारा रोड शारदा काली मंदिर पुराना अस्पताल चौक पुराना स्टेट बैंक चौक रेलवे कॉलोनी में विराजमान माता की प्रतिमा एवं झांकी देखने के लिए शाम होते ही लोग घरों से निकलकर अलग-अलग पंडाल पहुंचते हैं। माता की आराधना में शामिल होते हैं। नवरात्रि के आठवें दिन माता महागौरी की विशेष पूजा की गई। दुर्गा पंडाल एवं मंदिर में महा आरती का आयोजन किया गया था। जिसे देखने के लिए भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

### कोतमा मे निकाली गई चुनरी यात्रा

चौरा धाम नवदुर्गा उत्सव समिति खेर माई प्रांगण वार्ड 10 विकासनगर में माता रानी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। मातारानी के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। मातारानी के दरबार मे अष्टमी के दिन भंडारा का किया गया। यहां बच्चों एवं महिलाओ का गरखा डांडिया का कार्यक्रम चलता रहता है। हरिभूमि के पत्रकार अखिलेश कुमार नामदेव ने जिलेवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुये सभी की खुशियों के लिए मां से कामना की है। आदर्श दुर्गा समिति तहसील प्रांगण कोतमा से 55 मीटर माता रानी की चुनरी यात्रा निकालते हुये पूरे वार्ड मे भ्रमण किया गया। यह चुनरी यात्रा नवदुर्गा उत्सव समिति खेरमाई मे अर्पित की गई। जिसके बाद पुनः समाप्त किया गया। शाम होते ही नगर की गलियों में लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा नगर के बस स्टैंड मुखर्जी चौक पंचायती मंदिर रोड टॉकीज रोड में बड़े वाहनों को रोक लिया जाता है। पुलिस के द्वारा मुख्य चौराहों पर स्टापर लगाया गया है।

### वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुई पवित्र नगरी अमरकंटक

जगत जननी मां नर्मदा की पावन उद्गम स्थली अमरकंटक में शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर विशेष हवन का आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान सदियों से चली आ रही प्राचीन परंपरा का हिस्सा है, जिसने संपूर्ण मंदिर परिसर को आस्था और अध्यात्म के रंग में रंग दिया। नर्मदा मंदिर के पुजारियों द्वारा किए गए इस विशेष हवन के दौरान वैदिक मंत्रों के शुद्ध और सस्वर उच्चारण से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। वातावरण में अलौकिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। यह हवन आदि काल से चली आ रही परंपरा का निर्वाह है, जो शारदीय नवरात्र के दौरान मां नर्मदा की विशेष आराधना और क्षेत्र की खुशहाली के लिए आयोजित किया जाता है। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय भक्तों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने नर्मदा कुंड और हवन स्थल पर माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि यह विशेष हवन शक्ति और प्रकृति के सामंजस्य का प्रतीक है, और यह परंपरा भविष्य में भी पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ जारी रहेगी। इस अवसर पर मां नर्मदा के समस्त पुजारी गण उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से पंडित राजेश द्विवेदी, पंडित शारदा प्रसाद द्विवेदी, पंडित जितेंद्र प्रसाद द्विवेदी, पंडित कामता प्रसाद द्विवेदी, पंडित उत्तम प्रसाद द्विवेदी, पंडित उमेश द्विवेदी, पंडित धनेश द्विवेदी और पंडित सुनील द्विवेदी शामिल रहे। हवन के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन ने अमरकंटक की आध्यात्मिक महत्ता को एक बार फिर स्थापित किया और श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव बना।

## दशहरे के दिन कोतमा से मैहर के लिए निकलेगी पद यात्रा

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



नगर के बस स्टैंड में स्थित मां शैलपुत्री भक्ति मंडल समिति के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर दशहरे के दिन कोतमा से मैहर विशाल पद रथ यात्रा लेकर जाएगी। आयोजन मंडली के सदस्यों द्वारा जोर-जोर से तैयारी की जा रही हैं। समिति के हनुमान गर्ग, धर्मेंद्र वर्मा, सुदर्शन रैकवार सहित अन्य लोगों ने बताया कि धार्मिक नगरी कोतमा से मैहर यात्रा ले जाने की प्राचीन एवं सनातनी परंपरा चली आ रही है। इसके पूर्व भी वर्ष 1987, 90, 93, 2015 एवं 21 में भी विशाल एवं भव्य यात्रा कोतमा से मैहर तक गई थी। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की संख्या में महिला, पुरुष युवा शामिल रहते हैं। दशहरे के दिन दोपहर में मां दुर्गा की झांकी को नगर के प्रमुख मार्गों पर षोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसका जगह जगह स्वागत एवं पूजा अर्चना किया जाएगा। यात्रा के दौरान पूरे नगरवासी उमड़ पड़ेंगे। शाम को यात्रा बदरा होकर फुनगा पहुंचेगी जहां भोजन एवं रात्रि विश्राम किया जाएगा। सुबह 3 अक्टूबर को भक्तों का जत्था चचाई होते हुए रात्रि विश्राम बुढार में करेगी। 4 अक्टूबर को षहडोल भ्रमण करते हुए रात्रि विश्राम घुनघुटी में होगा, 5 को दिन में पाली होते हुए रात को ज्वालाधाम उचेहरा रुकेगी, 6 को खितौली रोड एवं कुआंगांव में यात्रा रहेगी। 7 अक्टूबर को बरही होते हुए रात का भोजन एवं ठहरना भदनपुर में एवं 8 अक्टूबर को मैहर पहुंच नगर भ्रमण एवं प्रतिमा विसर्जन कर दर्शन उपरांत सभी भक्तों की नगर वापसी होगी। समिति द्वारा पंजीयन कराते हुए व्यापक तैयारी कर रही है। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शमिल होकर जाएंगे। जिनके वस्त्र, भोजन, रुकने, स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधाएं समिति प्रदान करेगी। कोतमा नगर एवं उससे लगे आधा सैकड़ा से ज्यादा गांवों में इस धार्मिक यात्रा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरूष यात्रा की तैयारी में जुट गए है।

## अमरकंटक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन संपन्न

# कुल 262 मरीजों की हुई जांच, रक्तदान से जागरूकता का संदेश

हरिभूमि दन्यूज अमरकंटक।




मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के तहत चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सोमवार को पवित्र नगरी अमरकंटक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह ऊईके एवं बीएमओ पुष्पराजगढ़ डॉ. सुरेंद्र सिंह ने माँ नर्मदा के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सीएचसी अमरकंटक के चिकित्सक, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और पत्रकार उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधि और चिकित्सा टीम की उपस्थिति

कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. शिवांगी मिश्रा, डॉ. एन.पी. मांझी, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. विपिन सिंह, प्रभा राठौर, कृष्ण परस्ते, अनीता सिंग्राम, अंजली शर्मा, भारती बैग, मेघा जोशी, संतोषी धुर्वे, विनीता राजोरिया, भगत सिंह, गब्बर सिंह, राजकुमार अहिरवार, चेतन सिंह, तीजा देवी, पूजा गुजराती, संगीता, चंदा सिंह, लता कुशराम, ज्योति राठौड़, पूनम पिटानिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों में पार्षद विमला दुबे, सावित्री सिंह, गेंदा बाई, कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलाल सेन, हरि सिंह, एवं पत्रकार धनंजय तिवारी, लोकेश्वर केवट विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमती पूनम पिटानिया ने स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज को जागरूकता का संदेश दिया। उन्हें बीएमओ डॉ. सुरेंद्र सिंह द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया यह शिविर सेवा पखवाड़ा अभियान की सार्थकता को दर्शाता है, जहाँ स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है।

### महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत पुष्पराजगढ़ विकासखंड के अमरकंटक में महिलाओं को सघन स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। शिविर में महिला स्वास्थ्य परीक्षण कर विभिन्न बीमारियों की पहचान की गई और उपचार एवं परामर्श दिया गया। जांच उपरांत आवश्यक दवाएँ भी वितरित की गईं। चिकित्सकों ने संदेश दिया कि किसी भी रोग को छिपाना नहीं चाहिए, बल्कि समय पर जांच और इलाज कराने से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। स्वास्थ्य शिविर में कुल 262 मरीज पंजीकृत हुए, जिनमें से 197 महिलाएँ और 65 पुरुष शामिल थे। सभी का सफलतापूर्वक परीक्षण कर उपचार किया गया।



# जैतहरी में स्वच्छता रैली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र जैतहरी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जैतहरी के संयुक्त तत्वावधान में सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों तथा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसमें सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात रैली का शुभारंभ आईटीआई परिसर से हुआ, जो राठौर चौक होते हुए पुनः संस्थान में समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने "स्वच्छता ही सेवा है", "हर रोग की एक दवाई, घर-घर में हो साफ-सफाई", "हमने मन में ठाना है, स्वच्छ मध्यप्रदेश बनाना है" जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद जैतहरी के पूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में पूर्व एल्डरमैन नगर परिषद जैतहरी नरेश नापित तथा आईटीआई के प्राचार्य मनोज सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के संचालनकर्ता एवं आयोजक ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कुमार सिंह चंदेल (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जैतहरी) रहे। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि यह स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित हो रहा है, और इस प्रकार की रैलियां निश्चित रूप से बच्चों व युवाओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगी। साथ ही उन्होंने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईटीआई के प्राचार्य मनोज सिंह, प्रशिक्षण अधिकारी इरशाद अहमद अंसारी, क्रीड़ा प्रभारी कृष्णलाल बैगा सहित समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनों का सहयोग रहा।

## शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित पटवारी पर आवश्यक कार्यवाही के दिए निर्देश

# जन की समस्या दूर करने सख्त दिखे कलेक्टर

**प्रकरण का निराकरण नही करने पर संबंधित अधिकारी पर शास्ति अधिरोपित**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 32 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. सोनी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ओ.पी.एम. अमलाई निवासी आवेदक जगलाल पिता चौधरी स्वीपर ने बार-बार कहे जाने के बाद भी पटवारी द्वारा नामांतरण नही किए जाने के संबंध में शिकायत लेकर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए। कलेक्टर ने आवेदक की शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित पटवारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदार अनूपपुर को दिए। इसी प्रकार आवेदक रमेश कुमार यादव द्वारा जनसुनवाई में समस्या का निराकरण ना मिलने के कारण पुनः जनसुनवाई में आने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारी पर पांच हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित कर शास्ति की राशि प्रतिकर के रूप में संबंधित आवेदक को उपलब्ध कराया। जनसुनवाई में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में ग्राम चोई तहसील जैतहरी के प्रदुम सिंह राठौर ने उच्च शिक्षा हेतु ऋण दिलाए जाने, ग्राम पिपरिया तहसील अनूपपुर की श्रीमती मीरा प्रजापति ने पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक सहायता दिलाए जाने, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पथरौड़ी निवासी श्रीमती केमली बाई ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम लखौरा तहसील पुष्पराजगढ़ की नम्रता श्याम ने आधार कार्ड में सुधार कराए जाने, ग्राम धनगवां पूर्वी तहसील जैतहरी के रवि कुमार बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, वार्ड नं. 10 अनूपपुर पुरानी बस्ती के राजेश कुमार राठौर ने समग्र आईडी में सुधार कराए जाने, कोतमा के मनोज कुमार शर्मा ने एसईसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण करने पर रोजगार दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।